भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5867

उत्तर देने की तारीख 30 मार्च, 2026

9 चैत्र, 1948 (शक)

गुलमर्ग में मेगा अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन टूर्नामेंट

5867. श्री अब्दुल रशीद शेख :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की जम्मू और कश्मीर के बडगाम और दूधपथरी में शीतकालीन खेल आयोजित करने की कोई योजना है, और

(ख) सरकार द्वारा गुलमर्ग में मेगा अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं / किए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) संबंधित अंतरराष्ट्रीय संघ द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के संदर्भ में संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) द्वारा राष्ट्रीय स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। एनएसएफ को सहायता स्कीम के तहत, मान्यता प्राप्त एनएसएफ को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आयोजित करने और भारत में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

खेलो इंडिया स्कीम के तहत हर साल गुलमर्ग और लेह में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन किया जाता है। सरकार ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की स्थापना के बाद से, इसके 06 संस्करणों का आयोजन किया है, जिसमें 5,200 से अधिक एथलीटों की कुल भागीदारी रही थी।

*****